# इतिहास / HISTORY

## प्रश्न-पत्र II / Paper II

## 2014

निर्धारित समय : तीन घंटे
Time allowed : Three Hours

अधिकतम अंक : 250
Maximum Marks : 250

---

### प्रश्न-पत्र के लिए विशिष्ट अनुदेश

कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें :

इसमें आठ प्रश्न हैं जो दो खण्डों में विभाजित हैं तथा हिन्दी और अंग्रेज़ी दोनों में छपे हैं ।

परीक्षार्थी को कुल पाँच प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।

प्रश्न संख्या 1 और 5 अनिवार्य हैं तथा बाकी में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम एक प्रश्न चुनकर किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।

प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए ।

प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो । प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए ।

raadheythevision.in

### Question Paper Specific Instructions

***Please read each of the following instructions carefully before attempting questions :***

*There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.*

*Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.*

*Questions no. 1 and 5 are compulsory and out of the remaining, **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** from each section.*

*The number of marks carried by a question / part is indicated against it.*

*Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.*

*Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.*

*Attempts of questions shall be counted in chronological order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.*

---



RaadheytheVisiion || Contact us: - +919625757536; +918889907405
mailto:mentorship@raadheythevisiion.in raadheythevisiion.in
Mukherjee Nagar, North West, Delhi-110009

खण्ड A

## SECTION A

**Q1.** निम्नलिखित प्रत्येक कथन का समालोचनात्मक परीक्षण लगभग 150 शब्दों में कीजिए :
Critically examine the following statements in about 150 words each : *10×5=50*

(a) "अंग्रेज़ों की भारत की विजय प्लासी के साथ सम्पूर्ण नहीं हुई थी । अगर अंग्रेज़ों को भारत में किसी पश्चातकालीन युद्ध में पूरी तरह से पराजित कर दिया गया होता, तब प्लासी (का युद्ध) भारत के इतिहास में एक छोटा किस्सा बन कर रह जाता ।"

"Plassey did not complete the British conquest of India. Had the English been convincingly defeated in any subsequent battle in India, then (the battle of) Plassey would have remained as a minor episode in the history of India." *10*

(b) "मॉन्टेग्यू-चेम्सफोर्ड सुधार प्रस्तावों ने 'द्विशासन' प्रणाली लागू की, किन्तु इसने ज़िम्मेदारियों की रेखाओं को धुँधला कर दिया ।"

"Montague-Chelmsford reform proposals introduced 'dyarchy', but blurred the lines of responsibility." *10*

(c) "1857 के विद्रोह के सैनिक, सामन्ती और परम्परागत अधिस्वरों को उसके राष्ट्रवादी या आद्य-राष्ट्रवादी चरित्र ने निष्प्रभ कर दिया था ।"

"The military, feudal and traditional overtones of the Revolt of 1857 were overshadowed by its nationalist or proto-nationalist character." *10*

(d) "1885 में भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस के जन्म को 'सेफ्टी-वाल्व अभिधारणा' पर्याप्त तौर पर स्पष्ट नहीं करती है ।"

"The 'safety-valve thesis' does not adequately explain the birth of the Indian National Congress in 1885." *10*

(e) "एम.के. गाँधी द्वारा खिलाफ़त आन्दोलन का समर्थन एक बड़ी भूल थी, क्योंकि यह एक ऐसा अन्य-देशीय मुद्दा था जिसने भारतीय राष्ट्रीयता को जड़ों से ही काट दिया था ।"

"M.K. Gandhi made a gross mistake in championing the Khilafat cause, an extra-territorial issue which cut at the very roots of Indian nationality." *10*



raadheythevisiion.in
RaadheytheVisiion || Contact us: - +919625757536; +918889907405
mailto:mentorship@raadheythevisiion.in raadheythevisiion.in
Mukherjee Nagar, North West, Delhi-110009

**Q2.** (a) "सरकार की द्विशासन प्रणाली प्रारम्भ से ही पूर्ण रूप से असफल थी । प्रथमतः, निजी व्यापार का दुरुपयोग पहले की तुलना में ज़्यादा ऊँचाइयों पर पहुँच गया था । द्वितीय, कम्पनी की वृद्धि की माँगों ने किसानों के घोर उत्पीड़न का रास्ता खोल दिया ।" परीक्षण कीजिए ।

"The Dual System of Government was a complete failure from the outset. In the first place, the abuse of the private trade reached a greater height than ever. In the second place, the demands of the Company for the increase led to gross oppression of the peasantry." Examine. 20

(b) "...योजना (केबिनेट मिशन योजना) को नकारने के बजाय, काँग्रेस ने अध-कचड़ी विधिक युक्ति का सहारा अपने हितों को दूरगामी प्रबन्धों से साधने के लिए, इसके सीमित (अल्पकालीन) प्रावधानों को स्वीकार कर लिया ।" समालोचनात्मक समीक्षा कीजिए ।

"... instead of rejecting the plan (Cabinet Mission Plan), they (the Congress Leadership) resorted to a half-baked legalistic stratagem to reserve their position on its long-term arrangements and accepted its short-term provisions." Critically examine. 20

(c) "स्वतन्त्र भारत में सशक्तिकरण के लिए दलित आन्दोलन, अनिवार्यतः निर्वाचन राजनीति के माध्यम से राजनीति में अपना स्थान प्राप्ति के लिए बने रहे हैं ।" विवेचन कीजिए ।

"Dalit Movements for empowerment in independent India have essentially been for carving out political space through electoral politics." Discuss. 10

**Q3.** (a) "नरमदलियों के अधिकांश के लिए राजनीति एक अंशकालिक कार्य था । काँग्रेस एक राजनीतिक दल नहीं, किन्तु एक त्रिदिवसीय वार्षिक प्रदर्शन था ।" सविस्तार स्पष्ट कीजिए ।

"Politics remained for the bulk of the Moderates very much a part-time affair. The Congress was not a political party, but an annual three-day show..." Elucidate. 20

(b) "बंगाल में विभाजन विरोधी आन्दोलन (1909) का एक आर्थिक चरित्र था, जो महाराष्ट्र के उग्रवादी आन्दोलन से भिन्न था जिसका एक धार्मिक चरित्र था ।" परीक्षण कीजिए ।

"The Anti-Partition Agitation (1909) had an economic character in Bengal unlike the Extremist Agitation in Maharashtra which had a religious character." Examine. 20

(c) "सरदार पटेल ने खून की एक भी बूँद बहाए बिना, बहुसंख्य राज्यों के आमेलन और आत्मसात्करण को सुनिश्चित करने के द्वारा, एक मौन क्रांति को संपादित किया ।" सविस्तार स्पष्ट कीजिए ।

"Sardar Patel accomplished a silent revolution by ensuring the absorption and assimilation of a multitude of principalities without shedding even a drop of blood." Elucidate. 10



raadheythevisiion.in

RaadheytheVisiion || Contact us: - +919625757536; +918889907405
mailto:mentorship@raadheythevisiion.in raadheythevisiion.in
Mukherjee Nagar, North West, Delhi-110009

**Q4.** (a) "हालाँकि श्री रामकृष्ण नव हिन्दुवाद के एक पैग़ंबर बन गए थे, परन्तु उन्होंने किसी नए धर्म की स्थापना का दावा कभी नहीं किया।" सविस्तार स्पष्ट कीजिए।

"Though Sri Ramakrishna became the prophet of neo-Hinduism, he never claimed to have founded any new religion." Elaborate. *20*

(b) "आखिरकार अंग्रेज़ों ने 15 अगस्त, 1947 को भारत को क्यों छोड़ा ? साम्राज्यवादी उत्तर यह है कि स्वतन्त्रता केवल अंग्रेज़ों के स्वनिर्धारित उद्देश्य को पूर्ण कर स्वशासन में भारतीयों की सहायता करना था।" परीक्षण कीजिए।

"Why did the British finally quit India on $15^{th}$ August, 1947 ? The Imperialist answer is that independence was simply the fulfilment of Britain's self-appointed mission to assist the Indian people to self-government." Examine. *20*

(c) भारतीय स्वतन्त्रता आन्दोलन ने किस हद तक अफ्रीका में स्वाधीनता आन्दोलन को प्रभावित किया था ?

To what extent did the Freedom Movement in India influence the Liberation Movement in Africa ? *10*

raadheythevisiion.in



RaadheytheVisiion || Contact us: - +919625757536; +918889907405
mailto:mentorship@raadheythevisiion.in raadheythevisiion.in
Mukherjee Nagar, North West, Delhi-110009

खण्ड B

## SECTION B

**Q5.** निम्नलिखित प्रत्येक कथन का समालोचनात्मक परीक्षण लगभग 150 शब्दों में कीजिए :

Critically examine the following statements in about 150 words each : *10×5=50*

(a) "रूसो का प्रयास व्यक्ति की स्वतन्त्रता और सरकार की संस्था के बीच सरकार की संविदा थियोरी की नई दृष्टि के माध्यम से समन्वय स्थापित करना था ।"

"Rousseau strove to reconcile the liberty of the individual and the institution of Government through a new vision of the Contract-Theory of Government." *10*

(b) "यूरोप में वाणिज्यिक और औद्योगिक हितों ने उपनिवेशों की स्थापना के लिए पक्का उष्णगृह वातावरण तैयार कर दिया था ।"

"The commercial and industrial interests created a veritable hothouse atmosphere in Europe for the establishment of colonies." *10*

(c) "प्रबुद्ध तानाशाह (यूरोप) आवश्यक तौर पर राजनीतिक रूप में उदारवादी नहीं थे ।"

"Enlightened despots (Europe) were not necessarily politically liberal." *10*

(d) "... इंग्लैंड में आधुनिक दलीय संगठन का वास्तविक प्रारम्भ 'रिफॉर्म ऐक्ट' पास करने के साथ हुआ । ... वास्तविक रूप में इंग्लैंड की वर्तमान राजनीतिक प्रणाली 1832 से चली आ रही है ।"

"... the passing of the 'Reform Act' marked the real beginning of modern party organisation in England ... In a real sense, the present political system of England dates from 1832." *10*

(e) "रूसी-जापान युद्ध ने जापान को एक बड़ी शक्ति के रूप में उदय के लिए सहायता की थी ।"

"The Russo-Japanese War helped in the rise of Japan as a great power." *10*

**Q6.** (a) "अमरीकी क्रान्ति विलक्षण आकस्मिकता के साथ घटित प्रतीत होती है । इसको सम्भव बनाने के लिए अनेक प्रतिभाशाली नेता 1763 से 1775 के बीच में उभरे ।" सविस्तार स्पष्ट कीजिए ।

"American Revolution seems to have come with remarkable suddenness. A roster of talented leaders emerged during 1763 to 1775 to make it happen." Elucidate. *20*



raadheythevisiion.in

RaadheytheVisiion || Contact us: - +919625757536; +918889907405
mailto:mentorship@raadheythevisiion.in raadheythevisiion.in
Mukherjee Nagar, North West, Delhi-110009

(b) "अगर हमें राज्य की अपनी धारणा को परिभाषित करना हो, तो हमारा उत्तर होगा कि राज्य ग़रीब लोगों का साहूकार है। सरकार उत्पादन के साज़ो-सामान की खरीद करने और सामाजिक कार्यशालाओं की स्थापना करने के लिए वित्तीय सहायता देगी व पर्यवेक्षण करेगी।" लुई ब्लाँ के उपर्युक्त कथन के आलोक में, यूरोप में पूर्व-मार्क्सवादी समाजवादी विचारधारा पर प्रकाश डालिए।

"If we were to define our conception of the State, our answer would be that the State is the banker of the poor. The government would finance and supervise the purchase of productive equipments and the formation of social workshops." In light of the above statement of Louis Blanc, throw light on the Pre-Marxist Socialist Thought in Europe. 20

(c) 19वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में यूरोपीय शक्तियों के विस्तार ने किस सीमा तक अफ्रीका के आधुनिकीकरण में सहायता प्रदान की थी ?

To what extent did the expansion of European Powers in the late 19th century help in the modernization of Africa ? 10

raadheythevisiion.in

**Q7.** (a) "अधिकारों की घोषणा विशेषाधिकारों की व्यवस्था के लिए और प्राचीन शासन के लिए मृत्यु का परवाना थी, फिर भी विचारों के इतिहास में, यह भविष्य की बजाय भूतकाल से सम्बन्धित है।" परीक्षण कीजिए।

"The Declaration of Rights was the death-warrant of the system of privilege, and so of the ancient regime ... Yet in the history of ideas it belonged rather to the past than to the future." Examine. 20

(b) 18वीं व 19वीं शताब्दियों में, यूरोप और एशिया में देशान्तरण के सामाजिक-सांस्कृतिक व आर्थिक परिणामों का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए।

Critically examine the socio-cultural and economic impact of migration in Europe and Asia in the 18th and 19th centuries. 20

(c) 1956 के स्वेज़ संकट की उत्तरदाई परिस्थितियों का विवेचन कीजिए और वैश्विक राजनीति पर इसके प्रभावों का परीक्षण कीजिए।

Discuss the circumstances leading to the Suez Crisis of 1956 and examine its repercussions on global politics. 10



RaadheytheVisiion || Contact us: - +919625757536; +918889907405
mailto:mentorship@raadheythevisiion.in raadheythevisiion.in
Mukherjee Nagar, North West, Delhi-110009

**Q8.** (a) "दो विश्व युद्धों के कारण यूरोपीय मूर्खता के माध्यम से यूरोप को ग्रहण लग गया था ।" सविस्तार स्पष्ट कीजिए ।

"Europe was eclipsed through European folly due to the two world wars." Elucidate. *20*

(b) "फ्रैंक्फर्ट की संकुचित राष्ट्रवाद की भाषा ने जर्मन आन्दोलन को उसी प्रकार तबाह कर दिया था कि जिस प्रकार हाउस ऑफ सेवॉय के विवर्धन के विनाशक विचार ने इतालवी क्रांति को नष्ट कर दिया था ।" विवेचन कीजिए ।

"The language of narrow nationalism held at Frankfurt destroyed the German Revolution; as the fatal idea of aggrandisement of the House of Savoy destroyed the Italian Revolution." Discuss. *20*

(c) एशिया में अमरीका के विदेशी विस्तार की प्रकृति का विवेचन कीजिए और इसके परिणामों को स्पष्ट कीजिए ।

Discuss the nature of American overseas expansion in Asia and explain the consequences. *10*

raadheythevisiion.in



RaadheytheVisiion || Contact us: - +919625757536; +918889907405
mailto:mentorship@raadheythevisiion.in raadheythevisiion.in
Mukherjee Nagar, North West, Delhi-110009